DIGITAL RESOURCE CENTRE (DRC)

CENTRAL LIBRARY

# PRESS CLIPPINGS

## 1-31January

2024

# CONTENT


| S No | Title | Author | Newspaper | Page No. | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आज सोशल मीडिया स्टार्ट अपका सशक्त माध्यम: रजिस्ट्रार | | विधान केसरी | 7 | 30 Jan |
| 2. | स्टार्टअप शुरू करने की दी जानकारी | | अमर उजाला | 8 | 30 Jan |
| 3. | आईएफटीएम में नेशनल वेबीनार | | हिंदुस्तान | 9 | 30 Jan |
| 4. | सोशल मीडिया विषय पर आयोजित हुआ नेशनल वेबीनार | | शाह शाहटाइम | 10 | 30 Jan |
| 5. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ टूबिल्डए स्टार्ट अपथ्रू सोशल मीडिया विषय परआयोजित हुआ नेशनल वेबीनार | | युग बंधू समाचार | 11 | 30 Jan |
| 6. | आईबीआरओ के न्यूरो साइंस स्कूल नेपाल में हुआ चयन | | शाहटाइम | 12 | 29 Jan |
| 7. | आईएफटीएम के दो शिक्षकों का न्यूरो साइंस स्कूल में चयन | | हिंदुस्तान | 13 | 29 Jan |
| 8. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के दो शिक्षक अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन आईवीआरओ के न्यूरो साइंस स्कूल नेपाल में चयनित | | विधान केसरी | 14 | 29 Jan |
| 9. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों का 15 दिनों की प्रतिभागीता हेतु अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन के न्यूरोसाइंस स्कूल , नेपाल में हुआ चयन | | युगबंधु समाचार | 15 | 29 Jan |
| 10. | आईएफटीएम विवि में गणतंत्र दिवस मनाया | | अमर उजाला | 16 | 28 Jan |
| 11. | आईएफटीएम में गणतंत्र दिवस मनाया गया | | दैनिक जागरण | 17 | 28 Jan |
| 12. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 75 वे गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन | | युगबंधू समाचार | 18 | 28 Jan |
| 13. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 75 वे गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य | | शाह टाइम्स | 19 | 28 Jan |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | आयोजन | | | | |
| **14.** | आईएफटीएम में धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस | | हिंदुस्तान | **20** | 28 Jan |
| **15.** | आईएफटीएम में बनाई गई मानव श्रृंखला | | हिंदुस्तान | **21** | 25 Jan |
| **16.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मतदान जागरूकता के लिए हुआ मानव श्रृंखला शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन | | शाह टाइम्स | **22** | 25 Jan |
| **17.** | आईएफटीएम में हुआ मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह | | विधान केसरी | **23** | 24 Jan |
| **18.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन | | युगबंधु समाचार | **24** | 24 Jan |
| **19.** | मानव श्रृंखला बना कर ली सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने की शपथ | | अमर उजाला | **25** | 24 Jan |
| **20.** | आईएफटीएम में अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हुई पूजा अर्चना | | विधान केसरी | **26** | 23 Jan |
| **21.** | समारोह को लेकर हुई पूजा अर्चना | | हिंदुस्तान | **27** | 23 Jan |
| **22.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर हुआ पूजा अर्चना का आयोजन | | शाहटाइम्स | **28** | 23 Jan |
| **23.** | आईएफटीएम में अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हुई पूजा अर्चना | | विधानकेसरी | **29** | 23 Jan |
| **24.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर हुआ पूजा अर्चना का आयोजन | | युगबंधूसमाचार | **30** | 23 Jan |
| **25.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नैतिक जागरूकता विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन | | युगबंधूसमाचार | **31** | 18 Jan |
| **26.** | आईएफटीएम और नैतिक जागरूकता विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन | | शाहटाइम्स | **32** | 18 Jan |
| **27.** | जीवन में नैतिकता के पथ पर चलने की दिलाई शपथ | | अमरउजाला | **33** | 18 Jan |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **28.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नैतिक जागरूकता विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन | | विधानकेसरी | **34** | **18 Jan** |
| **29.** | आईएफटीएम में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | | विधानकेसरी | **35** | **17 Jan** |
| **30.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन | | शाहटाइम्स | **36** | **17 Jan** |
| **31.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन | | युगबंधूसमाचार | **37** | **17 Jan** |
| **32.** | राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | | अमरउजाला | **38** | **17 Jan** |
| **33.** | ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम सोनिया द्वितीय | | हिंदुस्तान | **39** | **14 Jan** |
| **34.** | राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन | | शाहटाइम्स | **40** | **14 Jan** |
| **35.** | आईएफटीएम परिवार की ओर से जरूरत मंदों को विकसित किए गए कंबल | | विधानकेसरी | **41** | **11 Jan** |
| **36.** | जरूरत मंदों को बांटे गए कंबल | | हिंदुस्तान | **42** | **11 Jan** |
| **37.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिवार की ओर से जरूरत मंदों को वितरित किए गए कंबल | | शाहटाइम्स | **43** | **11 Jan** |
| **38.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिवार की ओर से जरूरत मंदों को वितरित किए गए कंबल | | युगबंधुसमाचार | **44** | **11 Jan** |
| **39.** | आईएफटीएम में बौद्धिक संपदा अधिकार: कानूनी और नैतिक परिप्रेक्षय विषय पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन | | विधानकेसरी | **45** | **09 Jan** |
| **40.** | बौद्धिक संपदा के संरक्षण को कानून बनाना जरूरी | | दैनिकजागरण | **46** | **09 Jan** |
| **41.** | आईएफटीएम के बौद्धिक संपदा अधिकार: कानूनी और नैतिक परिप्रेक्षय विषय पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन | | विधानकेसरी | **47** | **09 Jan** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 42. | बौद्धिक संपदा का संरक्षण जरूरी प्रोफेसर संजीव | | अमरउजाला | 48 | 09 Jan |
| 43. | आईएफटीएम बौद्धिक संपदा अधिकार कानूनी और नैतिक परिप्रेक्षय विषय पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन | | युगबंधूसमाचार | 49 | 09 Jan |
| 44. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 27 विद्यार्थियों को मिली जॉब | | युगबंधूसमाचार | 50 | 03 Jan |
| 45. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 27 विद्यार्थियों को मिली जॉब | | विधानकेसरी | 51 | 03 Jan |
| 46. | आईएफटीएम  के डिप्लोमा बीटेक के 27 छात्रों को प्लेसमेंट | | अमरउजाला | 52 | 03 Jan |
| 47. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 27 विद्यार्थियों को मिली जॉब | | शाहटाइम्स | 53 | 03 Jan |
| 48. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 27 विद्यार्थियों को मिली नौकरी | | दैनिकजागरण | 54 | 03 Jan |
| 49. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में जरूरत मंदों को वितरित किए गए कंबल | | युगबंधुसमाचार | 55 | 02 Jan |
| 50. | जरूरत मंदों को वितरित किए गए कंबल | | अमरउजाला | 56 | 02 Jan |
| 51. | आईएफटीएम में जरूरत मंद लोगों को बाटी कंबल | | हिंदुस्तान | 57 | 02 Jan |
| 52. | आईएफटीएम विवि ने जरूरत मंद को बाटे कंबल | | दैनिकजागरण | 58 | 02 Jan |
| 53. | आईएफटीएम परिवार की ओर से जरूरत मंदों को वितरित किए गए कंबल | | विधानकेसरी | 59 | 02 Jan |
| 54. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2023 मनाए जाने के तहत हुआ रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन | | युगबंधुसमाचार | 60 | 01 Jan |
| 55. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग में हुआ गेट टू गेदर पार्टी का आयोजन | | युगबंधुसमाचार | 61 | 01 Jan |
| 56. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2023 मनाया जाने के तहत हुआ रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन | | विधानकेसरी | 62 | 01 Jan |
| 57. | आईएफटीएम के होटलमैनेजमेंटविभागमेंहुआगेटटूगेदरपार्टी काआयोजन | | शाहटाइम्स | 63 | 01 Jan |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **58.** | होटल मैनेजमेंट विभाग में हुई गेट टू गेदर पार्टी | | हिंदुस्तान | **64** | **01 Jan** |
| **59.** | रॉक एंड रोल में मचाया धमाल | | दैनिकजागरण | **65** | **01 Jan** |

30Jan

आईएफटीएम में हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया विषय पर हुआ नेशनल वेबिनार

# आज सोशल मीडिया स्टार्टअप का सशक्त माध्यम : रजिस्ट्रार

- सोशल मीडिया के जरिये स्टार्ट अप की तमाम जानकारी हर व्यक्ति के लिये उपलब्धः कुलसचिव
- ये कई तरह के कौशल सीखने का सशक्त माध्यम



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया विषय पर एक नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन कर उभर रहा है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप की अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वेबिनार से विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे। वेबिनार में विश्वविद्यालय के बीबीए पाठ्यक्रम के 2020-23 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित कंपनी ग्रोइकॉन के फाउन्डर श्री अभिषेक कुमार एमिनेंट स्पीकर रहे। एमिनेंट स्पीकर श्री कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम एक स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई अन्य अलग-अलग प्रकार कौशल सीख सकते हैं, जिनमें संबद्ध विपणन वीडियो संपादन और सामग्री निर्माण मुख्य हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फ्रीलांसिंग कौशल को आप सोशल मीडिया के माध्यम से एक बहुत अच्छा व्यवसाय बना सकते हैं।

इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एमिनेंट स्पीकर व एलुमनी श्री कुमार को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए वेबिनार के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु उनकी सराहना की। वेबिनार की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को वेबिनार में प्राप्त की गई जानकारी को आत्मसात करने की सलाह दी। एलुमिनाई समन्वयिका व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्वाति राय ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। वेबिनार के सफल आयोजन में डॉ. स्वाति राय, एलुमिनाई समन्वयिका व आयोजन सचिव डॉ. चारू दत्ता समेत आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस वेबिनार के दौरान स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

30 Jan

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | मंगलवार, 30 जनवरी 2024
8

## स्टार्टअप शुरू करने की दी जानकारी

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में हुए वेबिनार पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन कर उभर रहा है। इसके माध्यम में स्टार्टअप की कई जानकारियां उपलब्ध हैं। पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित कंपनी 'ग्रोइकॉन' के संस्थापक अभिषेक कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम एक स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई अन्य अलग-अलग प्रकार कौशल सीख सकते हैं, जिनमें संबद्ध विपणन वीडियो संपादन और सामग्री निर्माण मुख्य हैं। फ्रीलांसिंग कौशल को आप सोशल मीडिया के माध्यम से एक बहुत अच्छा व्यवसाय बना सकते हैं। इस दौरान आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, प्रो. निशा अग्रवाल, डॉ. स्वाति राय, डॉ. चारू दत्ता आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

30 Jan

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, मंगलवार, 30 जनवरी 2024 08

# आईएफटीईएम में नेशनल वेबिनार

मुरादाबाद। आईएफटीईएम विश्वविद्यालय में आईएफटीईएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 'हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया' विषय पर नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। वेबिनार में विश्वविद्यालय के बीबीए पाठ्यक्रम के 2020-23 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित कंपनी ग्रोइकॉन के फाउंडर अभिषेक कुमार एमिनेंट स्पीकर रहे। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फ्रीलांसिंग कौशल को आप सोशल मीडिया के माध्यम से एक बहुत अच्छा व्यवसाय बना सकते हैं। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एमिनेंट स्पीकर व एलुमनी कुमार को बधाई दी। इस मौके पर प्रो. निशा अग्रवाल, डॉ. स्वाति राय, डॉ. चारू दत्ता आदि मौजूद रहीं।

30 Jan

# आईएफटीआईएम विश्वविद्यालय में 'हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप: सोशल मीडिया' विषय पर आयोजित हुआ नेशनल वेबिनार

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीआईएम विश्वविद्यालय में आईएफटीआईएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ''हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप: सोशल मीडिया'' विषय पर एक नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन कर उभर रहा है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप की अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वेबिनार से विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे। वेबिनार में विश्वविद्यालय के बीबीए पाठ्यक्रम के 2020-23 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित कंपनी 'ग्रोइकॉन' के फाउन्डर श्री अभिषेक कुमार एमिनेंट स्पीकर रहे। एमिनेंट स्पीकर श्री कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम एक स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई अन्य अलग-अलग प्रकार कौशल सीख सकते हैं, जिनमें संबद्ध विपणन वीडियो संपादन और सामग्री निर्माण मुख्य हैं।




उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फ्रीलांसिंग कौशल को आप सोशल मीडिया के माध्यम से एक बहुत अच्छा व्यवसाय बना सकते हैं।

इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एमिनेंट स्पीकर व एलुमनी श्री कुमार को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए वेबिनार के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु उनकी सराहना की। वेबिनार की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को वेबिनार में प्राप्त की गई जानकारी को आत्मसात् करने की सलाह दी। एलुमिनाई समन्वयिका व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्वाति राय ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। वेबिनार के सफल आयोजन में डॉ. स्वाति राय, एलुमिनाई समन्वयिका व आयोजन सचिव डॉ. चारू दत्ता समेत आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस वेबिनार के दौरान स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

30 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया' विषय पर आयोजित हुआ नेशनल वेबिनार

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 'हाउ टू बिल्ड अ स्टार्टअप थ्रू सोशल मीडिया' विषय पर एक नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन कर उभर रहा है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप की अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वेबिनार से विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे। वेबिनार में विश्वविद्यालय के बीबीए पाठ्यक्रम के 2020-23 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित कंपनी ह्यग्रोइकॉनह्ल के फाउन्डर श्री अभिषेक कुमार एमिनेंट स्पीकर रहे। एमिनेंट स्पीकर श्री कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम एक स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई



श्री अभिषेक कुमार

अन्य अलग-अलग प्रकार कौशल सीख सकते हैं, जिनमें संबद्ध विपणन वीडियो संपादन और सामग्री निर्माण मुख्य हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फ्रीलांसिंग कौशल को आप सोशल मीडिया के माध्यम से एक बहुत अच्छा व्यवसाय बना सकते हैं।

इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एमिनेंट स्पीकर व एलुमनी श्री कुमार को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए वेबिनार के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु उनकी सराहना की। वेबिनार की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को वेबिनार में प्राप्त की गई जानकारी को आत्मसात करने की सलाह दी। एलुमिनाई समन्वयिका व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्वाति राय ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। वेबिनार के सफल आयोजन में डॉ. स्वाति राय, एलुमिनाई समन्वयिका व आयोजन सचिव डॉ. चारू दत्ता समेत आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस वेबिनार के दौरान स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एजेंसी

29 Jan

● आईएफटीएम के दो शिक्षकों का 15 दिनों की प्रतिभागिता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन

# आईबीआरओ के न्यूरोसाइंस स्कूल नेपाल में हुआ चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में कार्यरत दो शिक्षकों डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान का 24 अप्रैल से 8 मई तक की प्रतिभागिता हेतु अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में चयन हुआ है। इस स्कूल में एशिया पैसिफिक रीजन से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आईबीआरओ एक वैश्विक संगठन है जो मस्तिष्क और तंतुक्रिया अनुसंधान को बढ़ावा देने का कार्य करता है। आईबीआरओ का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क विज्ञान में गहराई से रुचि रखने वाले वैज्ञानिकों को एकत्र करना है, ताकि वे विभिन्न विषयों के बीच विचार-विनमूलन कर सकें और नवीनतम अनुसंधान के विकास में सहायक हो सकें। आईबीआरओ ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों, कॉन्फ्रेंसों और शोध परियोजनाओं के माध्यम से मस्तिष्क अनुसंधान में सहयोग करने का कार्य किया है। डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान ने बताया कि वह इस अद्वितीय यात्रा के लिए चयनित होने पर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं।

आईबीआरओ नेपाल में आयोजित न्यूरोसाइंस स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करने से उन्हें एक खास अनुभव के साथ ही आत्म-विकास के लिए एक नए आयाम की उपलब्धि प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर के माध्यम से उन्हें देश-विदेश के वैज्ञानिकों से मिलने एवं अपने विचार और अनुसंधान साझा का एक सुअवसर मिलेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने दोनों शिक्षकों को समस्त विश्व. विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाईयाँ और शुभकामनाएं दीं। फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षकों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन में सीखे हुए ज्ञान से न्यूरोफार्माकोलॉजी की दिशा में शोध को मजबूती मिलेगी। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के लिए गौरव की बात है कि हमारे दो शिक्षकों का आईबीआरओ न्यूरोसाइंस स्कूल में चयन हुआ है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि आज के समकालीन परिवेश में न्यूरालॉजिकल बीमा. रियो पर काफी शोध हो रही है और आईबीआरओ के इस स्कूल के माध्यम से हमारे अन्य शिक्षक भी इन दोनों शिक्षकों द्वारा सीखी हुई नवीन तकनीक को विश्वविद्यालय में हो रही शोध में समाहित कर और अधिक प्रभावी रूप से शोध कर सकेंगे।



डॉ. अलका लोहनी



डॉ. शहबाज खान

29 Jan



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
सोमवार
29 जनवरी 2024

04

# आईएफटीईएम के दो शिक्षकों का न्यूरोसाइंस स्कूल में चयन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि के फार्मेसी संकाय में कार्यरत दो शिक्षकों डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान का न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में चयन हुआ है। दोनों 24 अप्रैल से 8 मई तक अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल जाएंगे। इस स्कूल में एशिया पैसिफिक रीजन से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। विवि के कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

डॉ. अलका लोहनी। डॉ. शहबाज खान।

29 Jan

### मुरादाबाद के आईएफटीएम विश्वविद्यालय की शानदार उपलब्धि

# दो शिक्षक अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन आईबीआरओ के न्यूरोसाइंस स्कूल नेपाल में चयनित

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय में कार्यरत दो शिक्षकों डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान का 24 अप्रैल से 8 मई तक की प्रतिभागिता हेतु अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में चयन हुआ है। इस स्कूल में एशिया पैसिफिक रीजन से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आईबीआरओ एक वैश्विक संगठन है जो मस्तिष्क और तंतुक्रिया अनुसंधान को बढ़ावा देने का कार्य करता है। आईबीआरओ का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क विज्ञान में गहराई से रुचि रखने वाले वैज्ञानिकों को एकत्र करना है, ताकि वे विभिन्न विषयों के बीच विचार-विनमूलन कर सकें और नवीनतम अनुसंधान के विकास में सहायक हो सकें। आईबीआरओ ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों, कॉन्फ्रेंसों और शोध परियोजनाओं के माध्यम से





मस्तिष्क अनुसंधान में सहयोग करने का कार्य किया है। डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान ने बताया कि वह इस अद्वितीय यात्रा के लिए चयनित होने पर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। आईबीआरओ नेपाल में आयोजित न्यूरोसाइंस स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करने से उन्हें एक खास अनुभव के साथ ही आत्म-विकास के लिए एक नए आयाम की उपलब्धि प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर के माध्यम से उन्हें देश-विदेश के वैज्ञानिकों से मिलने एवं अपने विचार और अनुसंधान साझा का एक सुअवसर मिलेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने दोनों शिक्षकों को समस्त विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाईयाँ और शुभकामनाएं दीं। फामेर्सी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षकों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन में सीखे हुए ज्ञान से न्यूरोफामाकीलॉजी की दिशा में शोध को मजबूती मिलेगी। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि फैकल्टी ऑफ फामेर्सी के लिए गौरव की बात है कि हमारे

- 15 दिनों की प्रतिभागिता हेतु दोनो शिक्षको का हुआ चयन
- वीसी डॉ एमपी पाण्डेय, फार्मेसी डीन नवनीत वर्मा समेत समस्त स्टॉफ ने दी बधाई

दो शिक्षकों का आईबीआरओ न्यूरोसाइंस स्कूल में चयन हुआ है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि आज के समकालीन परिवेश में न्यूरालॉजिकल बीमारियो पर काफी शोध हो रही है और आईबीआरओ के इस स्कूल के माध्यम से हमारे अन्य शिक्षक भी इन दोनों शिक्षकों द्वारा सीखी हुई नवीन तकनीक को विश्वविद्यालय में हो रही शोध में समाहित कर और अधिक प्रभावी रूप से शोध कर सकेंगे।

29 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों का 15 दिनों की प्रतिभागिता हेतु अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में हुआ चयन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद ।आईएफटीएम** विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में कार्यरत दो शिक्षकों डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान का



डॉ. अलका लोहनी



डॉ. शहबाज खान

24 अप्रैल से 8 मई तक की प्रतिभागिता हेतु अंतरराष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में चयन हुआ है। इस स्कूल में एशिया पैसिफिक रीजन से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आईबीआरओ एक वैश्विक संगठन है जो मस्तिष्क और तंतुक्रिया अनुसंधान को बढ़ावा देने का कार्य करता है। आईबीआरओ का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क विज्ञान में गहराई से रुचि रखने वाले वैज्ञानिकों को एकत्र करना है, ताकि वे विभिन्न विषयों के बीच विचार-विनमूलन कर सकें और नवीनतम अनुसंधान के विकास में सहायक हो सकें। आईबीआरओ ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों, कॉन्फ्रेंसों और शोध परियोजनाओं के माध्यम से मस्तिष्क अनुसंधान में सहयोग करने का कार्य किया है। डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान ने बताया कि वह इस अद्वितीय यात्रा के लिए चयनित होने पर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। आईबीआरओ नेपाल में आयोजित न्यूरोसाइंस स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करने से उन्हें एक खास अनुभव के साथ ही आत्म-विकास के लिए एक नए आयाम की उपलब्धि प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर के माध्यम से उन्हें देश-विदेश के वैज्ञानिकों से मिलने एवं अपने विचार और अनुसंधान साझा का एक सुअवसर मिलेगा।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने दोनों शिक्षकों को समस्त विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाईयाँ और शुभकामनाएं दीं। फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षकों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन में सीखे हुए ज्ञान से न्यूरोफार्माकोलॉजी की दिशा में शोध को मजबूती मिलेगी। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के लिए गौरव की बात है कि हमारे दो शिक्षकों का आईबीआरओ न्यूरोसाइंस स्कूल में चयन हुआ है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि आज के समकालीन परिवेश में न्यूरालॉजिकल बीमारियो पर काफी शोध हो रही है और आईबीआरओ के इस स्कूल के माध्यम से हमारे अन्य शिक्षक भी इन दोनों शिक्षकों द्वारा सीखी हुई नवीन तकनीक को विश्वविद्यालय में हो रही शोध में समाहित कर और अधिक प्रभावी रूप से शोध कर सकेंगे।वि0

28 Jan

अमर उजाला

amarujala.com

मुरादाबाद | रविवार, 28 जनवरी 2024

8

## आईएफटीएम विवि में गणतंत्र दिवस मनाया



**मुरादाबाद (वि)।** आईएफटीएम विवि में गणतंत्र दिवस पर कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण किया और सभी अधिकारियों, शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने विवि की प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत की। इससे पहले श्री कोठीवाल ने एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने देश के विकास और लोकहित में सभी को आगे आने का आह्वान किया। समारोह में प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी सदस्या मंजू कोठीवाल, रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव संजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

28 Jan

मुरादाबाद, 28 जनवरी, 2024 दैनिक जागरण 7



आइएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस मनाने के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वज फहराने के बाद एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया ● सौ. विश्वविद्यालय

28 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने किया ध्वजारोहण



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस मनाने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात एनसीसी केडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस दिन हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रुप में स्थापित हुआ था, इसलिए हम इस दिन को पूरे हर्षोल्लास तथा धूम-धाम के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह आप सभी को जाता है। साथ ही कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सभी को अपने कार्य व जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक व्यापक स्तर तथा लगन एवं निष्ठा के साथ करने की सलाह दी।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि निःसन्देह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु शोध, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार और प्रोजेक्ट इत्यादि पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की ओर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। साथ ही उन्होंने आधुनिक परिदृश्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही नवाचार विधा के प्रति जोर देते हुए यह भी कहा कि शिक्षा में आज रोजगारोन्मुख नवाचार की अत्यंत आवश्यकता है। एनसीसी की मेजर (प्रो.) राजकुमारी सिंह, केयर टेकर ऑफिसर डॉ. योगेन्द्र सिंह एवं केयर टेकर ऑफिसर सुश्री रश्मि पाण्डेय के कुशल निर्देशन में एनसीसी केडेट्स ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। जिसमें परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर देव ऋषि पाण्डेय, सीनियर अंडर ऑफिसर गंगाप्रसाद ओझा एवं अंडर ऑफिसर आकृति सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव समेत समस्त अधिकारीगण, निदेशकगण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन प्रतिकुलपति प्रो. वैभव त्रिवेदी ने किया। वि0

28 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में '75वें गणतंत्र दिवस समारोह' का हुआ भव्य आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस मनाने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात् एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस दिन हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रूप में स्थापित हुआ था, इसलिए हम इस दिन को पूरे हर्षोल्लास तथा धूम-धाम के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह आप सभी को जाता है। साथ ही कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विश्व. विद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सभी को अपने कार्य व जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक व्यापक स्तर तथा लगन एवं निष्ठा के साथ करने की सलाह दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि निःसन्देह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विश्व. विद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु शोध, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार और प्रोजेक्ट इत्यादि पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की ओर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। साथ ही उन्होंने आधुनिक परिदृश्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही नवाचार विधा के प्रति जोर देते हुए यह भी कहा कि शिक्षा में आज रोजगारोन्मुख नवाचार की अत्यंत आवश्यकता है।

एनसीसी की मेजर (प्रो.) राज. कुमारी सिंह, केयर टेकर ऑफिसर डॉ. योगेन्द्र सिंह एवं केयर टेकर ऑफिसर सुश्री रश्मि पाण्डेय के कुशल निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। जिसमें परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर देव ऋषि पाण्डेय, सीनियर अंडर ऑफिसर गंगाप्रसाद ओझा एवं अंडर ऑफिसर आकृति सिन्हा का विशेष योगदान रहा। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव समेत समस्त अधिकारीगण, निदेशकगण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन प्रतिकुलपति प्रो. वैभव त्रिवेदी ने किया।





28 Jan

हिन्दुस्तान मुरादाबाद, रविवार, 28 जनवरी 2024 04

## गणतंत्र दिवस

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य श्यामा कुमार ने ध्वजारोहण किया। जीजीआईसी लाइनपार में गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. मुक्ता अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। सेंट मीरा एकेडमी, कांशीराम नगर ब्रांच में मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी ओमपाल सिंह, एसआई जितेंद्र सिंह रहे। विद्यालय की शिक्षा निदेशक अक्षरी प्रकाश मौजूद रहीं।

केजीके इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्य मुरारी लाल ने झंडारोहण किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने परेड निकाली। आकांक्षा विद्यापीठ में प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव एवं उप प्रधानाचार्य दिनेश सिंह ने झंडारोहण किया। उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजत गृहे-गृहे सरल संस्कृत संभाषण में प्रशिक्षिका राधा रानी के नेतृत्व में संस्कृत और संस्कृति को अपनाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

श्रीसत्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस लोदीपुर राजपूत में चेयरमैन देवेंद्र मलिक और डायरेक्टर डॉ. अनुज त्यागी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद श्री सत्य मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के हर्बल गार्डन में देवेंद्र मलिक, डॉ. अनुज और पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल ने अर्जुन और गुटेल के पौधे का रोपण किया। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। यहां कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, मंजू कोठीवाल, रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल मिश्रा, प्रतिकुलपति प्रो. नवनीत वर्मा, प्रतिकुलपति प्रो. वैभव त्रिवेदी आदि रहीं। विल्सोनिया डिग्री कॉलेज में डायरेक्टर डॉ. आशीष संतराम, प्राचार्य डॉ. राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अरुण शुक्ला, प्रबंध समिति के सदस्य राजीव अग्रवाल, मेजर राजीव ढल, सुशी गुप्ता आदि ने ध्वजारोहण किया। बोनी एनी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक फरीदा खान व प्रबंध समिति अध्यक्ष फैसल यार खां ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।


संवेदना द किड्स कॉटिज में समारोह की शुरुआत जिला उपाध्यक्ष भाजपा विशाल त्यागी ने तिरंगा झंडा फहराकर की। पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत चल रहे पीएचएफ विद्यापीठ में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीएम मानवेंद्र सिंह की पत्नी मंजू सिंह ने बच्चों में मिठाई बांटी। आरएसडी के ग्रुप समूह में गणतंत्र दिवस हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज व नारायण कुमार लोहिया सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, मंगूपुरा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि डीएम की पत्नी मंजू सिंह ने किया।

25 Jan

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
गुरुवार
25 जनवरी 2024

02



आईएफटीएम में बुधवार को बनाई गई मानव श्रृंखला।

## आईएफटीएम में बनाई गई मानव श्रृंखला

मुरादाबाद। आईएफटीएम में मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में मानव श्रृंखला बनाई गई। विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि मतदान नागरिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अशोक कुमार, प्रो. बीके सिंह, प्रो. अरुण मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार, रुचि चौधरी, डॉ. कुशल पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

25 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मतदान जागरूकता के लिए हुआ 'मानव श्रृंखलाव शपथ ग्रहण समारोह' का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्थानीय जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के स्वयंसेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदान दिवस से पूर्व ''मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि मतदान एक अति आवश्यक नागरिक कर्तव्य है, जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके मतदान का महत्व केवल एक दिन का नहीं, बल्कि 5 साल चलने वाली सरकार और देश के भविष्य को तय करने वाला है, इसलिए मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में मतदान जागरूकता हेतु एक रैली भी निकाली गई। वहीं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अशोक कुमार ने उपस्थित शिक्षकगणों और मानव श्रृंखला का हिस्सा बने विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता को लेकर शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम व एनएसएस इकाई के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह, सह समन्वयक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं आयोजिका श्रीमती रुचि चौधरी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान विश्व. विद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह, समेत डॉ. शिवाली सिंह, डॉ. उत्कर्ष त्यागी एवं श्री दीपक शर्मा आदि अन्य कई शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

24 Jan

# आईएफटीएम में हुआ मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह





**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जुटे विद्यार्थियों ने एक बेहद लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी विद्यार्थियों से सावधानी के साथ वाहन चलाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुरादाबाद प्रणव झा ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के आदर्शों पर चलने का आवाह्न भी किया।

इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुरादाबाद आनंद निर्मल, अभिनव एनजीओ के सचिव कपिल रस्तोगी, कार्यक्रम व एनएसएस इकाई के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आयोजक डॉ. अशोक कुमार, आयोजन सचिव डॉ. रमेश पाल, चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह समेत श्रीमती रुचि चैधरी, दीपक शर्मा आदि कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

24 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जुटे विद्यार्थियों ने एक बेहद लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी विद्यार्थियों से सावधानी के साथ वाहन चलाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुरादाबाद श्री प्रणव झा ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के आदर्शों पर चलने का आवाह्न भी किया।

इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुरादाबाद श्री आनंद निर्मल, अभिनव एन0जी0ओ0 के सचिव श्री कपिल रस्तोगी, कार्यक्रम व एनएसएस इकाई के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आयोजक डॉ. अशोक कुमार, आयोजन सचिव डॉ. रमेश पाल, चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह समेत श्रीमती रुचि चैधरी, श्री दीपक शर्मा आदि कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। वि0




24 Jan

अमर उजाला

मुरादाबाद | बुधवार, 24 जनवरी 2024 4



सड़क सुरक्षा के लिए जागरुकता की शपथ लेता स्टाफ। स्रोत : संस्थान

## मानव श्रृंखला बनाकर ली सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने की शपथ

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मंगलवार को मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी।

इस दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रणव झा, आंनद निर्मल, अभिनव, कपिल रस्तोगी, प्रो. बीके सिंह आदि मौजूद रहे।

23 Jan

# आईएफटीईएम में अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हुई पूजा-अर्चना





**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर व उसमें स्थित सभी भवनों को असंख्य दीपों, रंग-बिरंगे बल्बों की झालरों एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। सोमवार को परिसर में आवासित सभी अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व उनके परिवारजनों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों ने साथ मिलकर व आस्था की उमंग में सराबोर होकर परिसर स्थित ओंकर धाम मंदिर में कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की उपस्थिति में जनकल्याण हेतु विधि-विधान के साथ भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना व आराधना की। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं देशवासियों को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने मानव जीवन को सकारात्मक संदेश देने वाली मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ी आध्यात्मिक बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर लिया जाय, तो मनुष्य जीवन के अनेक कष्टों से मुक्ति पा सकता है।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्ही गुणों के कारण उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। कार्यक्रम के दौरान अपराह्न बेला से ही सुंदरकाण्ड पाठ के उपरान्त आरती व पूजा-अर्चना एवं भजन संकीर्तन और अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। तदोपरान्त परिसर स्थित ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा के साथ ही डॉ. दिवाकर शुक्ल, डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शाहबाज खान, श्री सत्यार्थम, डॉ. अलका लोहानी एवं सुश्री अनुकृति आदि शिक्षकों एवं छात्रावासों में आवासित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

23 Jan

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 23 जनवरी 2024
07

# समारोह को लेकर हुई पूजा-अर्चना

मुरादाबाद। श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर आईएफटीएम विवि के परिसर में भी पूजन-अर्चन किया गया। यहां सभी भवनों को झालरों एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। परिसर में आवासित सभी अधिकारियों, शिक्षकों व छात्रों ने परिसर स्थित 'ओंकर धाम मंदिर' में कुलाधिपति राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय की उपस्थिति में पूजा-अर्चना की गई। मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. दिवाकर शुक्ल, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शाहबाज खान, सत्यार्थम, डॉ. अलका लोहानी आदि रहे।

23 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह' के पावन अवसर पर हुआ पूजा-अर्चना का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह' के पावन अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर व उसमें स्थित सभी भवनों को असंख्य दीपों, रंग-बिरंगे बल्बों की झालरों एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। सोमवार को परिसर में आवासित सभी अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व उनके परिवारजनों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों ने साथ मिलकर व आस्था की उमंग में सराबा. र होकर परिसर स्थित 'ओंकर धाम मंदिर' में कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की उपस्थिति में जनकल्याण हेतु विधि-विधान के साथ भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा-अर्चना व आराधना की। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं देशवा. सियों को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने मानव जीवन को सकारात्मक संदेश देने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ी आध्यात्मिक बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात् कर लिया जाय, तो मनुष्य जीवन के अनेक कष्टों से मुक्ति पा सकता है।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। कार्यक्रम के दौरान अपराह्न बेला से ही सुंदरकाण्ड पाठ के उपरान्त आरती व पूजा-अर्चना एवं भजन संकीर्तन और अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

तदोपरान्त परिसर स्थित ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा के साथ ही डॉ. दिवाकर शुक्ल, डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शाहबाज खान, श्री सत्यार्थम, डॉ. अलका लोहानी एवं सुश्री अनुकृति आदि शिक्षकों एवं छात्रावासों में आवासित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।





23 Jan

# आईएफटीएम में अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हुई पूजा-अर्चना





**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर व उसमें स्थित सभी भवनों को असंख्य दीपों, रंग-बिरंगे बल्बों की झालरों एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। सोमवार को परिसर में आवासित सभी अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व उनके परिवारजनों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों ने साथ मिलकर व आस्था की उमंग में सराबोर होकर परिसर स्थित ओंकर धाम मंदिर में कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की उपस्थिति में जनकल्याण हेतु विधि-विधान के साथ भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना व आराधना की। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं देशवासियों को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने मानव जीवन को सकारात्मक संदेश देने वाली मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ी आध्यात्मिक बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर लिया जाय, तो मनुष्य जीवन के अनेक कष्टों से मुक्ति पा सकता है।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्ही गुणों के कारण उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। कार्यक्रम के दौरान अपराह्न बेला से ही सुंदरकाण्ड पाठ के उपरान्त आरती व पूजा-अर्चना एवं भजन संकीर्तन और अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। तदोपरान्त परिसर स्थित ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा के साथ ही डॉ. दिवाकर शुक्ल, डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शाहबाज खान, श्री सत्यार्थम, डॉ. अलका लोहानी एवं सुश्री अनुकृति आदि शिक्षकों एवं छात्रावासों में आवासित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

23 Jan

# आईएफटीईएम विश्वविद्यालय में अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर हुआ पूजा-अर्चना का आयोजन





**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर व उसमें स्थित सभी भवनों को असंख्य दीपों, रंग-बिरंगे बल्बों की झालरों एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। सोमवार को परिसर में आवासित सभी अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व उनके परिवारजनों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों ने साथ मिलकर व आस्था की उमंग में सराबोर होकर परिसर स्थित ह्यओंकर धाम मंदिरह्न में कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की उपस्थिति में जनकल्याण हेतु विधि-विधान के साथ भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा-अर्चना व आराधना की। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं देशवासियों को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने मानव जीवन को सकारात्मक संदेश देने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ी आध्यात्मिक बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर लिया जाय, तो मनुष्य जीवन के अनेक कष्टों से मुक्ति पा सकता है।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। कार्यक्रम के दौरान अपराह्न बेला से ही सुंदरकाण्ड पाठ के उपरान्त आरती व पूजा-अर्चना एवं भजन संकीर्तन और अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। तदोपरान्त परिसर स्थित ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा के साथ ही डॉ. दिवाकर शुक्ल, डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शाहबाज खान, श्री सत्यार्थम, डॉ. अलका लोहानी एवं सुश्री अनुकृति आदि शिक्षकों एवं छात्रावासों में आवासित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। वि0



18 Jan

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''नैतिक जागरूकता'' विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार ''नैतिक जागरूकता'' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को नैतिक मानदंडों के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 70 के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शिवाली सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि मानव जीवन में सही और गलत का चुनाव नैतिकता से ही आता है। नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करके कोई भी अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। आदर, कर्तव्य, साहस, बुद्धिमत्ता, आत्मीयता, न्यायप्रियता आदि गुणों से युक्त व्यक्ति ही जीवन में सम्मान पा सकता है। साथ ही मुख्य वक्ता डॉ. शिवाली सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में नैतिकता के पथ पर चलने हेतु शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि नैतिकता सामूहिक सम्मान, कल्याण और विकास को बढ़ावा देती है तथा इसके मूल्य व्यक्तिगत, सामाजिक और पर्यावरणीय आचरण को संचालित करते हैं और सभी मानवीय गतिविधियों पर लागू होते हैं। कार्यक्रम व आईसीसी की अध्यक्षा एवं स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका और प्रो. राजकुमारी सिंह ने कहा कि आज नैतिक मूल्यों का पालन करने में आयी कमी के कारण ही भ्रष्टाचार तथा दुराचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. निकिता यादव ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आईसीसी के सचिव श्री वी.पी.एस. राघव एवं आईसीसी के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी समेत डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. सरिता त्रिकोटी, डॉ. पूजा गुप्ता एवं श्री पुलकित शर्मा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। एजेंसी






18 Jan

# आईएफटीएम में 'नैतिक जागरूकता' विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार ''नैतिक जागरूकता'' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को नैतिक मानदंडों के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 70 के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शिवाली सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि मानव जीवन में सही और गलत का चुनाव नैतिकता से ही आता है। नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात् करके कोई भी अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। आदर, कर्तव्य, साहस, बुद्धिमत्ता, आत्मीयता, न्यायप्रियता आदि गुणों से युक्त व्यक्ति ही जीवन में सम्मान पा सकता है। साथ ही मुख्य वक्ता डॉ. शिवाली सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में नैतिकता के पथ पर चलने हेतु शपथ भी दिलाई।






इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि नैतिकता सामूहिक सम्मान, कल्याण और विकास को बढ़ावा देती है तथा इसके मूल्य व्यक्तिगत, सामाजिक और पर्यावरणीय आचरण को संचालित करते हैं और सभी मानवीय गति. विधियों पर लागू होते हैं। कार्यक्रम व आईसीसी की अध्यक्षा एवं स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका और प्रो. राजकुमारी सिंह ने कहा कि आज नैतिक मूल्यों का पालन करने में आयी कमी के कारण ही भ्रष्टाचार तथा दुराचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. निकिता यादव ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आईसीसी के सचिव श्री वी.पी.एस. राघव एवं आईसीसी के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी समेत डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. सरिता त्रिकोटी, डॉ. पूजा गुप्ता एवं श्री पुलकित शर्मा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

18 Jan

अमर उजाला

amarujala.com

मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 18 जनवरी 2024

5

# जीवन में नैतिकता के पथ पर चलने की दिलाई शपथ

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देश पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

